हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# 82 हजार वालंटियर रखेंगे नजर

## सोशल मीडिया

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** रमजान, होली, नवरात्र और ईद को लेकर एडीजी रमित शर्मा ने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। सोमवार को हाइब्रिड मोड में हुई बैठक में जोन के सभी परिक्षेत्रीय और जनपदीय सोशल मीडिया सेल प्रभारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। 82 हजार से ज्यादा वालंटियर सोशल मीडिया पर नजर रखेंगे और खुराफात करने वालों की सूचना देंगे।

बैठक में एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि शांति समिति की तरह ही सोशल मीडिया पर सक्रिय डिजिटल वॉलंटियर्स भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2015 में मेरठ परिक्षेत्र से शुरू हुए डिजिटल वॉलंटियर्स कार्यक्रम में अब बरेली जोन से 82,332 लोग शामिल हो चुके हैं। ये सभी माइक्रो सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जो स्वेच्छा से पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरेली जोन के सभी थाना क्षेत्रों में अच्छी छवि वाले सोशल मीडिया पर सक्रिय व्यक्तियों को डिजिटल वॉलंटियर्स के रूप में जोड़कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी मदद ली जाएगी। यह जनसहयोग त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**सोशल मीडिया पर हो 24 घंटे निगरानी:** एडीजी ने सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर चौबीस घंटे गहन निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट पर तत्काल खंडन कर विधिक कार्यवाही करें। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भी मुख्यालय द्वारा जारी सोशल मीडिया के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

### डिजिटल वॉलंटियर्स की जिलेवार संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| बरेली | 7959 | रामपुर | 13986 |
| बदायूं | 7044 | अमरोहा | 7906 |
| पीलीभीत | 4340 | संभल | 5750 |
| शाहजहांपुर | 9702 | बिजनौर | 15229 |
| मुरादाबाद | 10416 | | |

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# होली के दिन जुमे की नमाज व जुलूस का बदलेगा समय

## पुलिस लाइन में पीस कमेटी और आयोजकों की बैठक में सहमति

**तैयारी**



पुलिस लाइन में मंगलवार को हुई पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** होली और रमजान का जुमा एक ही दिन होने के चलते दोनों त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी ताकत से जुटे हैं। इसको लेकर मंगलवार को पुलिस लाइन में पीस कमेटी और आयोजकों की बैठक हुई, जिसमें होली वाले दिन जुमे की नमाज निर्धारित समय के कुछ बाद और जुलूस समय से पहले संपन्न कराने की सहमति बनी। कहा गया कि अगर कोई खुराफात करेगा तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा और सरकारी सुविधाएं वापस ले ली जाएंगी।

एडीजी रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य ने मंगलवार दोपहर तीन बजे पुलिस लाइन के रविंद्र सभागार में यह बैठक आयोजित की। इसमें आगामी त्योहार रमजान, होली, नवरात्रि, ईद एवं रामनवमी को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे जिले से आए सम्भ्रान्त व्यक्तियों, जुलूस के आयोजकों और पीस कमेटी के लोग मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी रमित शर्मा ने होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के चलते लोगों से स्वेच्छा से नमाज का समय थोड़ा बाद और जुलूसों का पहले करने की बात कही। इस पर दरगाह आला हजरत के प्रतिनिधि जावेद हाजी ने बताया कि जुलूस वाले रूटों की मस्जिदों में नमाज के समय में परिवर्तन किया गया है। इस पर सभी अफसरों ने इस निर्णय की सराहना की। अफसरों ने आश्वस्त किया कि कोई भी खुराफात करने की कोशिश करेगा तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। इस दौरान महाकुंभ-2025 में ड्यूटी से लौटी अग्निशमन विभाग गाड़ियों द्वारा लाया गया गंगाजल सभी को वितरित किया गया। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान और सभी सीओ मौजूद रहे।

### छतों से हटा दें ईंट-पत्थर ड्रोन से होगी जांच

अफसरों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराया जाएगा। इसमें छतों पर रखें ईंट-पत्थरों की जांच कराई जाएगी। सभी लोग अपनी छतों से अभी ईंट-पत्थर हटा दें। अगर जांच के दौरान मिले तो कार्रवाई की जाएगी। डीजे की आवाज कम रखने और दूसरे की भावनाएं आहत करने वाले गाने न बजाने की अपील की गई।

### 12 मार्च से ही तैनात हो जाएगी पुलिस

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जनपद में 2866 स्थानों पर होलिका दहन तथा 69 जुलूस आयोजित होंगे। जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जुलूस सुरक्षा समिति के सदस्यों को दी गयी है। हर समिति में आसपास के दस लोगों को शामिल किया गया है। अतिसंवेदनशील होलिकाओं में 12 मार्च से ही पुलिस व्यवस्था रहेगी।

# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# इंटरनेट मीडिया पर 24 घंटे निगरानी, खुराफातियों पर होगी कार्रवाई

## पीस कमेटी की बैठक में फैसला, जल्द निकलेंगे जुलूस, 2.30 बजे नमाज, बिजली, पानी की हो समस्या तो टोल फ्री नंबर पर बताएं

जागरण संवाददाता, बरेली : होली, रमजान और ईद को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से पीस कमेटी की बैठक एडीजी की अध्यक्षता में पुलिस लाइंस के रविंद्रालय सभागार में हुई। होली और जुमा एक दिन होने से तय हुआ कि होली के जो भी जुलूस निकलेंगे। वह समय से थोड़ा जल्दी निकलेंगे और जुमें नमाज थोड़ा देरी से होगी, जिससे दोनों के त्योहार बिना किसी अड़चन के पूरे हो जाएं। इस पर पीस कमेटी के सभी सदस्यों ने सहमति दी। अधिकारियों ने बताया कि कोई भी व्यक्ति इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं करे। इंटरनेट मीडिया पर 24 घंटे की निगरानी बढ़ाई गई है, जिससे खुराफात करने का प्रयास करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा ने जुलूसों को जल्दी निकालने और नमाज का समय बढ़ाने के फैसले को सराहा। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह फैसला प्रदेश स्तर पर शांति और सौहार्द की नजीर बनेगा। उन्होंने कहा कि पीस कमेटी के लोगों का दोहरा रोल है। उन्होंने निर्देश दिए गए कि डीजे की आवाज इतनी न हो कि क्षेत्र में रहने वालों को कोई सुविधा हो। डीजे पर किसी भी तरह के अश्लील या सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने न चलाए जाएं। इस पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि त्योहारों को अच्छी तरह से संपन्न कराने को पुलिस प्रशासन की ओर बेहतर तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि जो लोग रंग खेलना चाहते हैं, केवल उसी के साथ खेले, हानिकारक रंग, कीचड़ आदि से होली न खेलें। आइजी डा. राकेश सिंह ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को जुलूस सुरक्षा समिति बनाई जाएगी। जिसमें स्थानीय लोग शामिल होंगे। इसी के साथ इंटरनेट मीडिया पर 24 घंटे निगरानी की जाएगी। जो भी लोग कोई गलत पोस्ट करेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि यदि कोई समस्या हो तो 0581-2422202 व 0581-2428180 नंबरों पर जानकारी दे।



पीस कमेटी की बैठक करते अधिकारी • सौ.सूचना विभाग



पीस कमेटी की बैठक में शामिल हुए लोग • सौ.सूचना विभाग

### ड्रोन से होगा सर्वे, छतों से हटा लें ईंट पत्थर

बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जुलूस सुरक्षा समिति के सदस्यों को दी गई है। अतिसंवेदनशील होलिकाओं में 12 मार्च से ही पुलिस व्यवस्था होगी। ड्रोन से सभी जगहों का सर्वे कराया जाएगा। ऐसे में जिन भी लोगों की छतों पर ईंट-पत्थर आदि रखे हो उन्हें हटा लें। बैठक में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मुकेश मिश्र, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, सभी सीओ के अलावा पीस कमेटी के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेट मीडिया पर नजर रखेंगे 82 हजार डिजिटल वालंटियर्स

जागरण संवाददाता, बरेली : आगामी होली और रमजान को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को इंटरनेट मीडिया पर सतत गहन निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पालिसी का अनुपालन करने, इंटरनेट मीडिया सेल के सक्रिय क्रियान्वयन को संसाधनों की स्थिति, जिलों में बनाए गए डिजिटल वालंटियर्स आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंगलवार को इंटरनेट मीडिया सेल के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इंटरनेट मीडिया पर निगरानी को 82 हजार से अधिक वालंटियर्स बनाए गए।

बैठक में एडीजी जोन ने कहा कि रमजान माह, होली, ईद-उल-फितर एवं चैत्र नवरात्रि आदि के चलते इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर 24 घंटे गहन निगरानी रखी जाए। यदि असामाजिक तत्व आपत्तिजनक, भ्रामक पोस्ट आदि प्रसारित करते हैं तो तत्काल जिम्मेदार अधिकारी भ्रामक पोस्ट का खंडन करें। अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

पुलिस कर्मियों द्वारा इंटरनेट मीडिया का व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करते समय मर्यादित आचरण करने के लिए पुलिस विभाग ने इंटरनेट मीडिया पालिसी बनाई है। पुलिस मुख्यालय से इंटरनेट मीडिया पालिसी के संबंध में जारी होने वाले निर्देशों का अनुपालन करें। परिक्षेत्र एवं जनपदों के इंटरनेट मीडिया सेल में तत्काल निर्धारित मानक के अनुरूप पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जाए एवं निर्धारित मानक के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता की जाए, सेल प्रभावी रूप से कार्य कर सके। मीडिया कर्मियों को उचित सम्मान देते हुए उनसे निरंतर संवाद और समन्वय स्थापित करें। कोई भी घटना घटित होने पर उसकी प्रारंभिक जानकारी मीडिया को अविलंब दी जाए, जिससे अफवाहों पर लगाम लगाई जा सके। एडीजी ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय योगदान देने वाले डिजिटल वालंटियर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वर्तमान में बरेली जोन में 82,332 लोग जो कि माइक्रो इंटरनेट मीडिया इनफ्लूएन्सर्स या उससे ऊपर के इंटरनेट मीडिया इनफ्लूएन्सर्स हैं। यह अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग हैं। बरेली जोन पुलिस के साथ डिजिटल वालंटियर्स स्वेच्छा से सहयोग दे रहे हैं। एडीजी कार्यालय पर हुई बैठक में बरेली के मीडिया सेल प्रभारी व कर्मचारी शामिल हुए, जबकि मुरादाबाद मंडल के मीडिया सेल प्रभारी व कर्मचारी आनलाइन जुड़े।

**जिलावार डिजिटल वालंटियर्स की संख्या**

| नाम | संख्या |
|---|---|
| बरेली | 7,959 |
| बदायूं | 7,044 |
| पीलीभीत | 4,340 |
| शाहजहांपुर | 9,702 |
| मुरादाबाद | 10,416 |
| रामपुर | 13,986 |
| अमरोहा | 7,906 |
| संभल | 5,750 |
| बिजनौर | 15,229 |
| कुल योग | 82,332 |

## होली पर होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था गठित की गईं 106 क्यूआरटी

जागरण संवाददाता, बरेली : होली पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने अभी से पूरी तैयारी कर ली है। सभी धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर पूरी योजना तैयार की जा रही है। होली पर 13 मार्च से ही जुलूस निकलना शुरू हो जाएंगे जो 17 मार्च तक जारी रहेंगे। पुलिस के अनुसार इन जुलूसों में करीब आठ हजार लोगों की भीड़ एकत्र होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए 106 क्यूआरटी का गठन किया गया है। पूरे जिले में 2,866 होली दहन स्थलों को चिह्नित किया गया है।

होली के पहले ही जिले भर की पुलिस ने कमर कस ली है। जिले में कुल 2,866 स्थानों पर होलिका दहन होगा। इसमें से 78 ऐसे स्थान हैं जो संवेदनशील हैं। पुलिस ने इसके लिए जिले को 86 सेक्टरों में बांटा हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। सभी सेक्टरों में क्यूआरटी तैनात रहेंगी। होली पर जिले में तीन मेले लगेंगे। जबकि, राम बारात समेत 69 जुलुस निकालें जाएंगे। इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। 13 मार्च को 17 जुलुस है। जिसमें करीब छह से आठ हजार लोगों की भीड़ आने की उम्मीद है। इसमें 14 को 46 जुलूस होंगे, जिसमें 35 से 40 हजार लोगों की भीड़ और 15 को छह जुलूस निकलेंगे, जिसमें 10 से 12 हजार लोगों की भीड़ जमा होने का अनुमान हैं। इसी के साथ 14 को दो मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तीन से चार हजार की भीड़ और 15 को एक मेला लगेगा। उसमें एक से दो हजार लोगों की भीड़ होने का पूरा अनुमान हैं।

> होली को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जिले भर में 2,866 होलिका स्थल को चिह्नित किए गए है। उसमें से 78 स्थल संवेदनशील हैं। जिसे देखते हुए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी।
>
> – अनुराग आर्य, एसएसपी।

अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# होली के जुलूस के समय नहीं होगी जुमे की नमाज

बरेली। होली का जुलूस और जुमे की नमाज एक ही दिन होगी। इस दौरान किसी तरह से कानून व्यवस्था न बिगड़े। इसके लिए पीस कमेटी की बैठक में जुमे के नमाज के समय में बदलाव करने पर सहमति बनी है। सभी मस्जिद के इमाम होली के जुलूस को ध्यान में रखकर नमाज का समय तय करेंगे।

मंगलवार को पुलिस लाइन के रविंद्रालय सभागार में एडीजी रमित शर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य के अलावा मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल मौजूद रहीं। एडीजी ने बरेली में सौहार्द को ध्यान में रखते हुए होली और जुमा

## पीस कमेटी की बैठक में बनी सहमति, होली के जुलूस को देखते हुए तय होगा समय

एक ही दिन होने पर नमाज का समय थोड़ा देर से करने और जुलूस का समय थोड़ा जल्दी करने के लिए कहा। इसे स्वेच्छा से मान लिया गया।

एडीजी ने कहा कि जुलूस में डीजे की आवाज तेज न रखें। अश्लील गाने या सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने न बजाए जाएं। होलिका दहन के लिए लोग जाते समय और तरावीह करके आने वाले लोगों के लिए समस्या पैदा न हो। इसका ध्यान रखा जाए।

आईजी ने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी पुलिस 24 घंटे कर रही है। गलत पोस्ट करने वालों से सख्ती से निबटा जाएगा।

डीएम ने बताया कि अगर कोई समस्याएं हैं तो निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाएगा। यदि कोई समस्या हो तो 0581-2422202 व 0581-2428180 पर संपर्क कर सकते हैं।

एसएसपी ने बताया कि जनपद में 2866 जगह होलिका दहन और 69 होली जुलूस निकलेंगे। अतिसंवेदनशील जगहों पर 12 मार्च से ही पुलिस मौजूद रहेगी। ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराया जाएगा। छतों पर रखें ईट-पत्थरों की जांच कर हटवा दिया जाना है। बैठक में आला हजरत दरगाह के प्रतिनिधि के अलावा शहर के संभ्रांत लोग शामिल हुए। ब्यूरो

अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# पुलिसकर्मियों ने लोगों को बांटा संगम का जल

बरेली। कुंभ मेले से लौट रही फायरब्रिगेड की गाड़ियों में भरकर संगम का जल लाया जा रहा है। यह जल ऐसे लोगों को दिया जा रह है, जो किसी वजह से महाकुंभ में गंगा स्नान करने नहीं जा सके हैं। पुलिस लाइन में शांति समिति की बैठक में पहुंचे लोगों को एसएसपी अनुराग आर्या व एसपी सिटी मानुष पारीक ने संगम का जल वितरित किया।

बरेली से फायरब्रिगेड की चार गाड़ियां महाकुंभ में ड्यूटी पर भेजी गई थीं। अब वह लौट आई हैं। एसएसपी अनुराग आर्या ने बताया कि इन गाड़ियों के स्टाफ को

## महाकुंभ ड्यूटी से लौटी दूसरी दमकल भी भर लाई गंगाजल

जिम्मेदारी दी गई थी वह लौटते समय संगम का पवित्र जल भरकर आएंगी।

इस जल को उन पुलिसकर्मी, मीडियाकर्मी व आम जनता को दिया जा रहा है जो महाकुंभ-2025 में नहीं जा सके थे। इसके लिए टीम गठित की गई है। पहले दिन पुलिस लाइन में एडीजी जोन रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार की मौजूदगी में जल का वितरण किया। ब्यूरो

अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# जिले भर में 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट होली और रमजान के दौरान संभालेंगे कानून-व्यवस्था

## डीएम ने 13 से 31 मार्च तक के लिए की तैनाती, पुलिस से समन्वय बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डीएम रविन्द्र कुमार ने होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 से 31 मार्च तक 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट और नौ जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। सभी मजिस्ट्रेट को पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने आदेश जारी किया कि होली पर्व 13 से 16 मार्च तक मनाया जाएगा। 1 मार्च से रमजान शुरू हो गया है। रमजान में 7, 14 और 31 मार्च को शुक्रवार को जुमे की नमाज और 28 मार्च को जुमा अलविदा और 31 मार्च को ईद उल फितर का पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 28 थानों में सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।

नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी कोतवाली के, ब्रजेश कुमार वर्मा थाना प्रेमनगर और तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा थाना कैंट के सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए हैं। तीनों थानों पर सिटी मजिस्ट्रेट को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया है। इसके अलावा एएमओ अरविंद कुमार राठी को इज्जतनगर, तहसीलदार सदर भानु प्रताप को बारादरी का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया है। इन दोनों थानों पर एसीएम प्रथम को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया है। किला का सहायक नियंत्रक नागरिक सुरक्षा पंकज कुदेशिया को किला, अपर उप जिलाधिकारी सदर शिल्पा ऐरन को सीबीगंज और खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी सुभाषनगर थाने का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया है। इन थानों पर एसडीएम सदर को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया है। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेट से कहा कि किसी प्रकार का कोई तथ्य प्रकाश में आता है तो तत्काल एडीएम सिटी सौरभ दुबे और एडीएम प्रशासन दिनेश को अवगत कराएंगे।

### जोन में 82, 332 डिजिटल वॉलंटियर्स की मदद लेगी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के लिए जोन के नौ जिलों में 82, 332 डिजिटल वॉलंटियर्स बनाए गए हैं। एडीजी रमित शर्मा ने सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को मंगलवार को समीक्षा बैठक में इन वॉलंटियर्स की मदद से सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर तत्काल जिम्मेदार अधिकारी को खंडन करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जोन में बरेली जिले में 7,959, बदायूं में 7,044, पीलीभीत में 4,340, शाहजहांपुर में 9,702, मुरादाबाद में 10,416, रामपुर में 13,986, अमरोहा में 7,906, संभल में 5,750 और बिजनौर में 15,229 हजार डिजिटल वॉलंटियर्स हैं। बैठक में बरेली रेंज और बरेली जिले की सोशल मीडिया सेल के प्रभारी और कर्मचारी जोन कार्यालय में और मुरादाबाद रेंज और अन्य जिलों के सोशल मीडिया सेल के प्रभारी और कर्मचारी ऑनलाइन शामिल हुए।



अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक करते एडीजी।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

## जोन में 82, 332 डिजिटल वॉलंटियर्स की मदद लेगी पुलिस

बरेली, अमृत विचार : आगामी त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के लिए जोन के नौ जिलों में 82, 332 डिजिटल वॉलंटियर्स बनाए गए हैं। एडीजी रमित शर्मा ने सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को मंगलवार को समीक्षा बैठक में इन वॉलंटियर्स की मदद से सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर तत्काल जिम्मेदार अधिकारी को खंडन करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जोन में बरेली जिले में 7,959, बदायूं में 7,044, पीलीभीत में 4,340, शाहजहांपुर में 9,702, मुरादाबाद में 10,416, रामपुर में 13,986, अमरोहा में 7,906, संभल में 5,750 और बिजनौर में 15,229 हजार डिजिटल वॉलंटियर्स हैं। बैठक में बरेली रेंज और बरेली जिले की सोशल मीडिया सेल के प्रभारी और कर्मचारी जोन कार्यालय में और मुरादाबाद रेंज और अन्य जिलों के सोशल मीडिया सेल के प्रभारी और कर्मचारी ऑनलाइन शामिल हुए।



अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक करते एडीजी।

# टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

टेलीग्राम संवाद हिंदी दैनिक | बरेली | बरेली, बुधवार, 05 मार्च 2025 | 2



## होली–रमज़ान पर होगा सौहार्द, सुरक्षा और एकता : एडीजी

टेलीग्राम संवाद

बरेली। इस बार होली रंग और रमज़ान की रौशनी एक साथ चमकेगा। लेकिन इसके साथ ही सुरक्षा का पहरा भी सख्त रहेगा। त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी सिलसिले में एडीजी जोन रमित शर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक आयोजन किया गया।

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस बार न अफवाहों की आग भड़केगी, न असामाजिक तत्वों को कोई छूट मिलेगी। शहर में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तेज की जाएगी, ताकि झूठी खबरों को फैलने से पहले ही रोका जा सके। उन्होंने अपील की कि कोई भी संदिग्ध जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### ट्रैफिक-जाम और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष फोकस

बैठक में नागरिकों ने जल संकट, बिजली कटौती, ट्रैफिक जाम और सफाई व्यवस्था जैसी समस्याएँ उठाई, जिस पर एडीजी ने तत्काल अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई और निर्बाध जल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को विशेष योजना लागू करने के निर्देश मिले हैं। प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैरिकेडिंग की जाएगी। साथ ही, फायर ब्रिगेड को हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

बैठक बाद नागरिकों ने एडीजी की कार्यशैली की सराहना करते हुये एक व्यापारी ने कहा, पहली बार लग रहा है कि प्रशासन सच में हमारी चिंता कर रहा है। अब त्योहारों की मस्ती बिना टेंशन के होगी।

बैठक में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी ट्रैफिक अकमल खान समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### बरेली में होगा गुलाल संग इबावत संगम

होली और ईद पर प्रशासन पैनी नजर रख रहा है। हर गतिविधि पर बनी रहेगी, ताकि शहर में अमन और खुशहाली का माहौल बरकरार रहे।

दैनिक भास्कर जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

# सौहार्द और सुरक्षा के बीच रोशन होंगे त्योहार : एडीजी

## अधिकारियों ने पीस कमेटी बैठक में बनायी शांति और सौहार्द के लिए ठोस रणनीति

भास्कर ब्यूरो



**बरेली।** इस बार बरेली में गुलाल भी उड़ेगा, इबादत की रौशनी भी फैलेगी और सुरक्षा की दीवार भी मजबूत रहेगी। होली और रमज़ान की जुगलबंदी को बेहतर, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए बरेली प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में एडीजी रमित शर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर शहर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों तक सभी एक मंच पर आए। एडीजी ने साफ कर दिया कि इस बार न अफवाहों की आग भड़केगी न कोई असुविधा होगी। बस भाईचारे की मिठास और खुशियों की बौछार होगी।त्योहारों की चकाचौंध में ट्रैफिक जाम, पानी-बिजली की दिक्कत या असमाजिक तत्वों की गुंडागर्दी की कोई जगह नहीं होगी।

बैठक में नागरिकों ने जल संकट, बिजली कटौती, ट्रैफिक जाम और साफ-सफाई जैसी कई समस्याएँ उठाईं। एडीजी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित विभागों को निर्देश दिए। खासतौर पर धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई और निर्बाध जल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश मिले। त्योहारों के दौरान अफवाहों और झूठी खबरों से बचने के लिए एडीजी ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई अफवाह फैलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। वहीं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को भी तेज किया जाएगा। ताकि किसी भी भ्रामक सूचना को समय रहते रोका जा सके।

त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को विशेष योजना लागू करने के निर्देश दिए गए। शहर के प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैरिकेडिंग की जाएगी। इसके अलावा फायर ब्रिगेड को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी अग्निकांड की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा होली हो या रमज़ान हर पर्व आपसी प्यार और भाईचारे का संदेश देता है। पुलिस सिर्फ सुरक्षा नहीं सौहार्द भी सुनिश्चित करेगी। बैठक के बाद शहर के लोगों ने भी एडीजी की कार्यशैली को सराहा।

# आज समाचार सेवा जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

## त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को पीस कमेटी की बैठक आयोजित



बरेली(आज समाचार सेवा)। मंगलवार को पुलिस लाइन के सभागार में एडीजी जोन रमित शर्मा, मंडलायुक्त सौम्य अग्रवाल, आईजी डॉ राकेश सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार एवं एसएसपी अनुराग आर्य की उपस्थिति में आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संभ्रांत नागरिकों की समस्याएं सुनकर अग्नि सुरक्षा, जल आपूर्ति, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ़ सफाई आदि सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि बरेली शांतिप्रिय शहर है और यहां के लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से रहते है। इस विश्वास को बनाए रखें और हर स्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की भ्रामक सामग्री यदि किसी को प्राप्त होती है। जिससे शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। उसे तत्काल प्रशासन के संज्ञान में लाएं। प्रशासन का सबसे बड़ा सहयोग यही है। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ मे लेने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि पहले की तरह ही सहयोग बनाए रखें। आईजी डॉ राकेश सिंह ने कहा कि बरेली का अपना एक नाम रहा है। इस शहर ने हमेशा पैगाम दिया है लोगों के बीच प्यार मोहब्बत का। हमारी जिम्मेदारी है कि इसका नाम खराब न होने पाए। डीएम रविन्द्र कुमार ने कहा कि किसी भी मामले से आपसी रिश्तों को प्रभावित नही होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रामक और उत्तेजनात्मक बातें सामने न आने दे। युवाओं को समझाएं, सभी की जिम्मेदारी है। शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर से कहा कि शांति बनाए रखने में उनका सहयोग हमेशा की तरह बना रहेगा। सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने कहा कि शहर की फिजा खराब नही होने दी जाएगी। सभी ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से शांति बनाए रखने के भरसक प्रयास करेंगे। बैठक मे एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, अमन कमेटी के डॉ कदीर अहमद, अश्वनी ओबेरॉय आदि रहे।

I-Next जनपद बरेली दिनॉक 05.03.2025

सुरक्षा व्यवस्था के लिए गठित हुई 106 क्यूआरटी, जिले को 86 सेक्टरों में बांटा गया है

# होली पर होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**i SPECIAL**

### होलिका दहन शांतिपूर्वक हो इसके लिए संवेदनशील वाले स्थानों पर रहेगी फोर्स

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (4 March):** होली पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने अभी से पूरी तैयारी कर ली है. सभी धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर पूरी योजना तैयार की जा रही है. होली पर 13 मार्च से ही जुलूस निकलना शुरू हो जाएंगे जो 17 मार्च तक जारी रहेंगे. पुलिस के अनुसार इन जुलूसों में करीब आठ हजार लोगों की भीड़ एकत्र होने का अनुमान लगाया जा रहा है. पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए 106 क्यूआरटी का गठन किया गया है. पूरे जिले में 2866 होली दहन स्थलों को चिन्हित किया गया है.

## सेक्टरों में बांटा बरेली

होली के पहले ही जिले भर की पुलिस ने कमर कस ली है. जिले में कुल 2866 स्थानों पर होलिका दहन होगा. इसमें से 78 ऐसे स्थान हैं जो संवेदनशील हैं. पुलिस ने इसके लिए जिले को 86 सेक्टरों में बांटा हैं जिससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके. सभी सेक्टरों में क्यूआरटी तैनात रहेंगी. होली पर जिले में तीन मेले लगेंगे. जबकि, राम बारात समेत 69 जुलुस निकालें जाएंगे. इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है. 13 मार्च को 17 जुलुस है. जिसमें करीब छह से आठ हजार लोगों की भीड़ आने की उम्मीद है. इसमें 14 को 46 जुलुस होंगे जिसमें 35 से 40 हजार लोगों की भीड़ और 15 को छह जुलेस निकलेंगे जिसमें 10 से 12 हजार लोगों की भीड़ जमा होने का अनुमान हैं. इसी के साथ 14 को दो मेला का आयोजन किया जएगा. जिसमें तीन से चार हजार की भीड़ और 15 को एक मेला लगेगा. उसमें एक से दो हजार लोगों की भीड़ होने का पूरा अनुमान हैं.

> होली को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है. जिले भर में 2866 होलिका स्थल को चिन्हित किए गए है. उसमें से 78 स्थल संवेदनशील हैं. जिसे देखते हुए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी.
>
> **अनुराग आर्य,** एसएसपी.



जिले के अफसरों संग पुलिस लाइन सभागार में बैठक के दौरान मौजूद रहे अफसर.

**2866** होलिका दहन स्थल जिले मे चिह्नित

**46** जुलुस होगे 14 मार्च को इसमें 35 हजार से अधिक होगी भीड़

**15** मार्च को छह जुलूस निकलेगे जिसमें 10 से 12 हजार लोगो की होगी भीड़

**14** मार्च को दो मेलों का आयोजन, जिसमे तीन से चार हजार की होगी भीड़

**15** मार्च को एक मेला लगेगा, उसमें एक से दो हजार लोगो की होगी भीड़

# सोशल मीडिया पर निगरानी रखेंगे डिजिटल वालंटियर्स

### अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन ने बरेली-मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों संग की बैठक

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (4 March):** आगामी होली और रमजान को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को इंटरनेट मीडिया पर सतत गहन निगरानी रखने के निर्देश दिए. उन्होंने इंटरनेट मीडिया पालिसी का अनुपालन करने, इंटरनेट मीडिया सेल के सक्रिय क्रियान्वयन को संसाधनों की स्थिति, जिलों में बनाए गए डिजिटल वालंटियर्स आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंगलवार को इंटरनेट मीडिया सेल के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की. इंटरनेट मीडिया पर निगरानी को 82 हजार से अधिक वालंटियर्स बनाए गए.




एडीजी जोन रमित शर्मा ने त्योहार पर अफसरों को दिए जरूरी दिशा निर्देश.

## कर्मचारी ऑनलाइन जुड़े

बैठक में एडीजी जोन ने कहा कि रमजान माह, होली, ईद-उल-फितर एवं चैत्र नवरात्रि आदि के चलते इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर 24 घंटे गहन निगरानी रखी जाए. यदि असामाजिक तत्व आपत्तिजनक, भ्रामक पोस्ट आदि प्रसारित करते हैं तो तत्काल जिम्मेदार अधिकारी भ्रामक पोस्ट का खंडन करें. अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें. पुलिस कर्मियों द्वारा इंटरनेट मीडिया का व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करते समय मर्यादित आचरण करने के लिए पुलिस विभाग ने इंटरनेट मीडिया पालिसी बनाई है. पुलिस मुख्यालय से इंटरनेट मीडिया पालिसी के संबंध में जारी होने वाले निर्देशों का अनुपालन करें.परिक्षेत्र एवं जनपदों के इंटरनेट मीडिया सेल में तत्काल निर्धारित मानक के अनुरूप पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जाये एवं निर्धारित मानक के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता की जाए, सेल प्रभावी रूप से कार्य कर सके. मीडिया कर्मियों को उचित सम्मान देते हुए उनसे निरंतर संवाद और समन्वय स्थापित करें. कोई भी घटना घटित होने पर उसकी प्रारंभिक जानकारी मीडिया को अविलंब दी जाए जिससे अफवाहों पर लगाम लगाई जा सके. एडीजी ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय योगदान देने वाले डिजिटल वालंटियर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है. वर्तमान में बरेली जोन में 82,332 लोग जो कि माइक्रो इंटरनेट मीडिया इनफ्लूएन्सर्स या उससे ऊपर के इंटरनेट मीडिया इनफ्लूएन्सर्स हैं. यह अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग हैं. बरेली जोन पुलिस के साथ डिजिटल वालंटियर्स स्वेच्छा से सहयोग दे रहे हैं. एडीजी कार्यालय पर हुई बैठक में बरेली के मीडिया सेल प्रभारी व कर्मचारी शामिल हुए, मुरादाबाद मंडल के मीडिया सेल प्रभारी व कर्मचारी आनलाइन जुड़े.

**डिजिटल वालंटियर्स की संख्या**

| जिले का नाम | डिजिटल वालंटियर्स |
|---|---|
| बरेली | 7,959 |
| बदायूं | 7,044 |
| पीलीभीत | 4,340 |
| शाहजहांपुर | 9,702 |
| मुरादाबाद | 10,416 |
| रामपुर | 13,986 |
| अमरोहा | 7,906 |
| संभल | 5,750 |
| बिजनौर | 15,229 |
| **कुल योग** | **82,332** |

हिन्दुस्तान जनपद रामपुर दिनॉक 05.03.2025

# डिजिटल वॉलंटियर्स करेंगे निगरानी

## कवायद

रामपुर,संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने आगामी त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान कहा कि बरेली जोन में सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए 82332 डिजिटल वॉलंटियर्स बनाए गए हैं। साथ ही मीडिया कर्मियों को उचित सम्मान देते हुए संवाद करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को बैठक में एडीजी ने सोशल मीडिया पर निगरानी रखने, पुलिस कर्मियों द्वारा सोशल मीडिया पॉलिसी का अनुपालन करने, सोशल मीडिया सेल के सक्रिय क्रियान्वयन हेतु संसाधन एवं नियतन की स्थिति, जनपदों में बनाये गये डिजिटल वॉलंटिअर्स के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही एडीजी ने मीडिया कर्मियों को उचित सम्मान देते हुये उनसे निरन्तर संवाद और समन्वय स्थापित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि बरेली जोन में 82332 लोग पुलिस के साथ डिजिटल वॉलंटियर्स के रूप में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



रमित शर्मा, एडीजी जोन बरेली।

■ अपर पुलिस महानिदेशक ने आगामी त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक की

### जिलावार डिजिटल वॉलंटिअर्स की संख्या

| जिला | संख्या |
|---|---|
| बरेली | 7959 |
| बदायूं | 7044 |
| पीलीभीत | 4340 |
| शहजाहंपुर | 9702 |
| मुरादाबाद | 10416 |
| रामपुर | 13986 |
| अमरोहा | 7906 |
| संभल | 5750 |
| बिजनौर | 15229 |

दैनिक जागरण जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 05.03.2025

# होली पर न पड़े खलल, 82 हजार डिजिटल वालंटियर रखेंगे नजर

**बरेली रेंज के बिजनौर में सबसे ज्यादा 15 हजार 229 वालंटियर बनाए गए**

जागरण संवाददाता, शाहजहांपुर : होली पर किसी तरह की खलल न पड़े, इसके लिए बरेली रेंज में 82 हजार से अधिक डिजिटल वालंटियर बनाए गए हैं। जो इंटरनेट मीडिया पर पल-पल की नजर रखेंगे। एडीजी जोन रमित शर्मा ने रेंज के सभी एसपी को होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड कर कोई अराजकतत्व माहौल न खराब करे इस पर भी पुलिस के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। होली व रमजान को लेकर 24 घंटे सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। यदि असामाजिक तत्व आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्ट आदि प्रसारित करते हैं तो तत्काल उसका अधिकारी खंडन करते हुए उन अराजकतत्वों को को चिह्नित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। डिजिटल वालंटियर के रूप में ऐसे लोगों का चयन किया गया है, जो इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। बरेली जोन में अब तक 82 हजार 332 लोगों को यह जिम्मेदारी दी जा चुकी है। बिजनौर में सबसे ज्यादा 15 हजार 229, रामपुर में 13 हजार 986, मुरादाबाद में 10 हजार 416, शाहजहांपुर में नौ हजार 702, बरेली में सात हजार 959, बदायूं में सात हजार 44, अमरोहा में सात हजार 906, संभल में पांच हजार 750, पीलीभीत में चार हजार 340 वालंटियर बनाए गए है। एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पैदल मार्च भी किए जा रहे हैं। पुलिस अधिक से अधिक लोगों से सीधा संवाद भी कर रही हैं।